प्रफुल्लित कमल दल लोचन नीलाचल निवासी परात्पर परब्रह्म के चरणों को भगवान शेष अपने मस्तक पर धारण करते हैं. राधा रस से आनन्दित तथा राधा के सरस अंग संग में सुखी होने वाले जगन्नाथ स्वामी ! कृपया हमें दर्शन प्रदान कीजिये ।। 6 ।।

न वै याचे राज्यं न च कनक-माणिक्य-विभवं,

न याचेऽहं रम्यां सकल-जन-काम्यां वरवधूम् ।

सदा काले काले प्रमथपतिना गीतचरितो,

जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।। 7 ।।

हे स्वामी ! मैं आपसे राज्य, मणि और सुवर्ण का वैभव तथा सबके द्वारा चाही गयी सुन्दर रमणियों की याचना नहीं करता. कामदेव को जीतने वाले भगवान शिव के द्वारा वन्दित हे जगन्नाथ ! सदा सर्वदा आप हमें दर्शन देते रहें, यही कामना है ।। 7 ।।

संसारं द्रुततरमसारं सुरपते,

हर त्वं पापानां विततिमपरां यादवपते !

अहो दीनानाथे निहित-चरणो निश्चितमिदं,

जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ।। 8 ।।

असार संसार को हरने वाले देवाधिदेव अनन्त पापों को मिटाने वाले यादवपति तथा सदैव दीन और अनाथों पर कृपा करने वाले जगन्नाथ स्वामी ! कृपया मुझे दर्शन दीजिये ।। 8 ।।

जगन्नाथाष्टकं पुण्यं यः पठेत् प्रयतः शुचिः ।

सर्वपाप-विशुद्धात्मा विष्णुलोकं स गच्छति ।। 9 ।।

शुद्ध हृदय एवं निष्ठा से पुण्य स्वरूप जगन्नाथ अष्टक का पाठ करने से समस्त पापों से आत्मा शुद्ध होकर भगवद्धाम को प्राप्त करती है ।। 9 ।।

+++++

आम्नाय-ग्रन्थालय, भदैनि, करौंदी वाराणसी-5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीशिक्षाष्टकम्

चेतोदर्पणमार्जनं भवमहादावाग्निनिर्वापणं
श्रेयः कैरवचन्द्रिकावितरणं विद्यावधूजीवनम् ।
आनन्दाम्बुधिवर्धनं प्रतिपदं पूर्णामृतास्वादनं
सर्वात्मस्नपनं परं विजयते श्रीकृष्णसंकीर्तनम् ।। 1 ।।

श्रीकृष्ण नाम संकीर्त्तन चित्त रूपी दर्पण का मार्जन कर स्वच्छ करता है. संसार के ताप रूपी महादावानलको शमित कर कल्याणमयी कुमुद ज्योत्सना का वितरण करता है, विद्यारूपी वधू का प्राण एवं आनन्दसागर का वर्द्धन करने वाला है. उसके प्रत्येक क्षण में पूर्णामृत का आस्वादन होता है. वह सम्पूर्ण आत्मा की तृप्ति करता है. देह एवं इन्द्रियों के रन्ध्रों में प्रत्येक अणु परमाणु में प्रविष्ट होकर उसे अनिर्वचनीय रस से अभिषिक्त करता है, अतः नाम संकीर्त्तन की जय हो ।। 1 ।।

नाम्नामकारि बहुधा निजसर्वशक्ति-
स्तत्रार्पिता नियमितः स्मरणे न कालः ।
एतादृशी तव कृपा भगवन् ममापि,
दुर्दैवमीदृशमिहाऽजनि नानुरागः ।। 2 ।।

अपने अनन्त नामों में अपनी सम्पूर्ण शक्ति अर्पित कर आपने नाम स्मरण को देशकाल आदि के बन्धनोंसे मुक्त रखा हैं. हे भगवन् ! आपकी ऐसी कृपा है तथापि मुझ भाग्यहीन की नाम-स्मरण में प्रीति नहीं है ।। 2 ।।

तृणादपि सुनीचेन तरोरपि सहिष्णुना ।
अमानिना मानदेन कीर्त्तनीयः सदा हरिः ।। 3 ।।

अपने को तृण से भी तुच्छ समझकर, वृक्ष से भी सहनशील बनकर, स्वयं अभिमान से शून्य होकर, दूसरों को सम्मान देकर सदैव श्रीहरिसंकीर्त्तन करना चाहिए ।। 3 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

न धनं न जनं न सुन्दरीं कवितां वा जगदीश कामये ।

मम जन्मनि जन्मनीश्वरे भवताद् भक्तिरहैतुकी त्वयि ।। 4 ।।

हे जगदीश ! मैं, न धन चाहता हूँ, न जन चाहता हूँ, न सुन्दर कामिनी ही चाहता हूँ. केवल आपके श्रीचरणकमलों में मेरी जन्म-जन्म अहैतुकी भक्ति हो, यही चाहना है ।। 4 ।।

अयि नन्दतनुज किङ्करं पतितं मां विषमे भवाम्बुधौ ।

कृपया तव पादपङ्कजस्थित-धूलीसदृशं विचिन्तय ।। 5 ।।

हे नन्दनन्दन ! वस्तुतः मैं आपका नित्यकिंकर हूँ, किन्तु अब निज कर्मदोष से विषय संसारसागर में पड़ा हूँ. आप शरणागतवत्सल हैं; मुझ अनाश्रित को अपने चरणकमलों में संलग्न रजकण के समान जानें. आपकी करुणा के बिना, मुझ साधनशून्य का संसार से निस्तार का कोई उपाय नही है ।।5।।

नयनं गलदश्रुधारया वदनं गद्गद्रुद्धया गिरा ।

पुलकैर्निचितं वपुः कदा तव नामग्रहणे भविष्यति ।। 6 ।।

हे प्रभो ! आपका नाम ग्रहण करते समय, मेरे नयन अश्रुधारा से, मेरा मुख गद्गद वाणी से और शरीरपुलकावलियों से कब व्याप्त होगा ? ।। 6 ।।

युगायितं निमेषेण चक्षुषा प्रावृषायितम् ।

शून्यायितं जगत् सर्वं गोविन्दविरहेण मे ।। 7 ।।

हे सखि ! गोविन्द के विरह से, मेरा निमेषमात्र काल भी युग के समान प्रतीत होता है, आँखों ने वर्षा ऋतु का सा रूप धारण कर लिया है, और यह समस्त जगत् मुझे शून्य सा प्रतीत होता है ।। 7।।

आश्लिष्य वा पादरतां पिनष्टु मामदर्शनान्मर्महतां करोतु वा ।

यथा तथा वा विदधातु लम्पटो मत्प्राणनाथस्तु स एव नापरः ।। 8 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वह लम्पट अपनी चरण सेविका दासी को प्रगाढ़ आलिंगन से भींचे, अथवा अपने दर्शन न देकर, मुझे मर्माहत करते हुए पीड़ा पहुँचाये, या जो चाहे सो करे, परन्तु वही मेरा प्राणनाथ है. उनके अतिरिक्त दूसरा कोई नहीं है ।। 8 ।।

[कलियुग पावनावतार श्रीकृष्ण चैतन्यदेव उपदिष्ट]

श्रीमङ्गलाचरणानि

आजानुलम्बितभुजौ कनकावदातौ
संकीर्तनैकपितरौ कमलायताक्षौ ।
विश्वम्भरौ द्विजवरौ युगधर्मपालौ
वन्दे जगत्प्रियकरौ करुणावतारौ ।। 1 ।।

अन्तःकृष्णं बहिर्गौरं दर्शिताङ्गादिवैभवम् ।
कलौ संकीर्तनाद्यैः स्मः कृष्णचैतन्यमाश्रिताः ।। 2 ।।

आराध्यो भगवान् व्रजेशतनयस्तद्धाम वृन्दावनं
रम्या काचिदुपासना व्रजवधूवर्गेण या कल्पिता ।
श्रीमद्भागवतं प्रमाणममलं प्रेमा पुमर्थो महान्
श्रीचैतन्यमहाप्रभोर्मतमिदं तत्रादरो नः परः ।। 3 ।।

माधुर्यैर्मधुभिः सुगन्धि भजनस्वर्णाम्बुजानां वनं
कारुण्यामृतनिर्झरैरुपचितः सत्प्रेमहेमाचलः ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भक्तांभोधेरधोरणी विजयिनी निष्कम्पशम्पावलि-
र्देवो नः कुलदैवतं विजयतां चैतन्यकृष्णो हरिः ।। 4 ।।

वन्दे गुरूनीशभक्तानीशमीशावतारकान् ।
तत्प्रकाशांश्च तत्छक्तीः कृष्णचैतन्यसंज्ञकम् ।। 5 ।।

यदद्वैतं ब्रह्मोपनिषदि तदप्यस्य तनुभा
य आत्मान्तर्यामी पुरुष इति सोऽस्यांशविभवः ।
षडैश्वर्यैः पूर्णो य इह भगवान् स स्वयमयं
न चैतन्यात् कृष्णाज्जगति परतत्त्वं परमिह ।। 6 ।।

अनर्पितचरीं चिरात् करुणयावतीर्णः कलौ
समर्पयितुमुन्नतोज्ज्वलरसां स्वभक्तिश्रियम् ।
हरिः पुरटसुन्दरद्युतिकदम्बसन्दीपितः
सदा हृदयकन्दरे स्फुरतु वः शचीनन्दनः ।। 7 ।।

राधाकृष्णप्रणयविकृतिर्ह्लादिनीशक्तिरस्मा-
देकात्मनावपि भुवि पुरा देहभेदं गतौ तौ ।
चैतन्याख्यं प्रकटमधुना तद्द्वयं चैक्यमाप्तं
राधाभावद्युतिसुवलितं नौमि कृष्णस्वरूपम् ।। 8 ।।

श्रीराधायाः प्रणयमहिमा कीदृशो वानयैवा-
स्वाद्यो येनाद्भुतमधुरिमा कीदृशो वा मदीयः ।
सौख्यं चास्या मदनुभवतः कीदृशं वेति लोभा-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

त्तद्भावाढ्यः समजनि शचीगर्भसिन्धौ हरीन्दुः ।। 9 ।।

\+ + + + +

श्रीचैतन्याष्टकम्

सदोपास्यः श्रीमान् धृत-मनुज-कार्यैः प्रणयितां,
वहद्भिर्गीर्वाणैर्गिरिश-परमेष्ठिप्रभृतिभिः ।
स्वभक्तेभ्यः शुद्धां निज-भजन-मुद्रामुपदिशन,
स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 1 ।।

मनुष्यदेहधारी प्रेममूर्त्ति शिव, ब्रह्मा आदि देवों द्वारा सदैव वन्दनीय एवं परम शोभायमान, और जो अपने भक्तों के लिए भजन की विशुद्ध मुद्रा का उपदेश देते हुए विराजमान हैं, वे श्रीचैतन्य महाप्रभु पुनः मुझे दर्शन देंगे क्या ? ।। 1 ।।

सुरेशानां दुर्गं गतिरतिशयेनोपनिषदां,
मुनीनां सर्वस्वं प्रणतपटलीनां मधुरिमा ।
विनिर्यासः प्रेम्णो निखिल पशुपालाम्बुज-दृशां,
स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 2 ।।

ब्रह्मा आदि देवताओं को भी अभय प्रदान करने वाले, उपनिषदों के लिए भी अगम्य, मुनियों के सर्वस्व, भक्तवृन्दों के लिए परम माधुर्यमय, गोपांगनाओं के कृष्ण विषयक प्रेम के सार स्वरूप श्रीकृष्ण चैतन्य फिर कब मेरे नेत्रों के समक्ष पदार्पण करेंगे ।। 2 ।।

स्वरूपं बिभ्राणो जगदतुलमद्वैत-दयितः,
प्रपन्न-श्रीवासो जनित परमानन्द-गरिमा ।
हरिर्दीनोद्धारी गजपति-कृपोत्सेक-तरलः,
स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 3 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस जगत में अनुपम एवं स्वरूप नामक प्रिय पार्षदों पर कृपा दृष्टि रखने वाले अद्वैताचार्य के परम प्रिय, श्रीवास पण्डित जिनके शरणागत हैं, एवं परमानन्द पुरी के प्रति जो गुरु भाव रखते हैं. दीनों के उद्धारक उनके दुखों को हरने वाले हरि जो गजपति नामक राजा पर कृपादृष्टि करने को उत्सुक हैं वे श्रीचैतन्य महाप्रभु पुनः मुझे दर्शन देंगे क्या ? ।। 3 ।।

रसोद्दामा कामार्बुद-मधुर-धामोज्ज्वल-तनु-

र्यतीनामुत्तंसस्तरणि-कर-विद्योति-वसनः ।

हिरण्यानां लक्ष्मीभरमभिभवन्नाङ्गिक-रुचा,

स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 4 ।।

प्रेम रस में उन्मत्त, करोड़ों कामदेवों से भी सुन्दर, उज्ज्वल कान्तियुक्त मनोहर वपुधारी संयासीगणों में श्रेष्ठतम एवं जो प्रातःकालीन सूर्य के समान अरुण आभायुक्त अर्थात् गेरूआ वस्त्र धारण करते हैं वह श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु पुनः मुझे दर्शन देंगे क्या ? ।। 4 ।।

हरे कृष्णेत्युच्चैः स्फुरित-रसनो नामगणना-

कृतग्रन्थिश्रेणी-सुभग-कटिसूत्रोज्ज्वल-करः ।

विशालाक्षो दीर्घार्गल युगल-केलाञ्चित-भुजः,

स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 5 ।।

जिनकी जिह्वा से हरेकृष्ण नाम निरन्तर उच्च स्वर में प्रस्फुटित हो रहा है एवं जिनका वाम हस्त उच्चरित किये गये नामों की गणना के लिए ली हुई ग्रंथ श्रेणी से एवं सुन्दर कटिसूत्र के द्वारा सुशोभित है, जिनके नेत्र कानों तक विस्तृत हैं. जिनकी सुन्दर भुजाएं घुटनों तक लम्बी हैं वे श्रीमहाप्रभु क्या फिर मुझे दर्शन देंगे ? ।। 5 ।।

पयोराशेस्तीर स्फुरदुपवनाली-कलनया,

मुहुर्वृन्दारण्य-स्मरण-जनित-प्रेम-विवशः ।

क्वचित् कृष्णावृत्ति-प्रचल-रसनो भक्ति-रसिकः,

स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 6 ।।

अनन्त जल राशि अर्थात् सागर के तट पर विस्तृत रम्य उपवन श्रेणी को देखकर बारम्बार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वृन्दावन के स्मृतिजन्य प्रेम के अधीन रहने वाले एवं भक्ति रस के रसिक होने के कारण जिनकी जिह्वा पर हरिनाम की आवृत्ति निरन्तर चल रही है वे श्रीचैतन्य महाप्रभु फिर कभी मुझे दर्शन देंगे क्या ? ।। 6 ।।

रथारूढ़स्यारादधिपदवि नीलाचल-पते-

रदभ्र-प्रेमोर्मि-स्फुरित-नटनोल्लास-विवशः ।

सहर्षं गायाद्भिः परिवृत-तनुर्वैष्णव-जनैः,

स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 7 ।।

श्रीजगन्नाथ जी की रथयात्रा के समय रथ में विराजमान जगन्नाथ के सम्मुख भावविभोर होकर नृत्य करने वाले एवं सहर्ष उल्लासपूर्वक नाम सङ्कीर्त्तन करने वाले वैष्णवजनों से घिरे हुए श्रीचैतन्य महाप्रभु फिर कभी मुझे दृष्टि गोचर होंगे क्या ? ।। 7 ।।

भुवं सिञ्चन्नश्रु-स्रुतिभिरभितः सान्द्र-पुलकैः,

परीताङ्गो नीप स्तवक-नव-किञ्जल्क-जयिभः ।

घन-स्वेद-स्तोम-स्तमित-तनुरुत्कीर्तन-सुखी,

स चैतन्यः किं मे पुनरपि दृशोर्यास्यति पदम् ।। 8 ।।

अपने प्रेमाश्रुओं से भूमि को सींचने वाले सर्वाङ्ग में व्याप्त प्रगाढ़ रोमांच से कदम्ब पुष्प वृन्द की केसर को जीतने वाले अत्यधिक स्वेद के कारण प्रायः भीगे हुए शरीर वाले एवं उत्कीर्त्तन अर्थात् भुजा उठाकर कीर्त्तन करने में सुख अनुभव करने वाले श्रीचैतन्य महाप्रभु क्या फिर मुझे दर्शन देंगे ? ।। 8 ।।

अधीते गौराङ्ग-स्मरण-पदवी-मङ्गलतरं,

कृती यो विश्रम्भ-स्फुरदमलधीरष्टकमिदम् ।

परानन्दे सद्यस्तदमल-पदाम्भोज-युगले,

परिस्फारा तस्य स्फुरतु नितरां प्रेमलहरी ।। 9 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विश्वास सम्पन्न विशुद्ध बुद्धि वाला जो सौभाग्यवान व्यक्ति श्रीकृष्णचैतन्य देव के स्मरणमय मंगलमार्ग में परम मंगलदायक इस चैतन्याष्टक का पाठ करे उसके हृदय में श्रीचैतन्य महाप्रभु के परमानंदमय मंगलचरणारविंद की विस्तीर्ण प्रेम लहरी विशेष स्फूर्ति पाती रहे ।। 9 ।।

[श्रीरूपगोस्वामिना विरचितं श्रीचैतन्याष्टकं सम्पूर्णम्]

श्रीशचीतनयाष्टकम्

उज्ज्वल-वरण-गौरवर-देहं

विलसति-निरवधि-भावविदेहम् ।

त्रिभुवन-पावन-कृपया लेशं

तं प्रणमामि च श्रीशचीतनयम् ।। 1 ।।

स्वर्णकान्तियुक्त सुन्दर गौरदेहधारी सदैव देहातीत भाव जगत में विलास करने वाले श्रीशचीनन्दन की कृपा के लेशमात्र से त्रिभुवन पवित्र हो जाता है, उनको मैं प्रणाम करता हूँ ।। 1 ।।

गद्गद-अन्तर-भावविकारं

दुर्जन-तर्जन-नाद-विशालम् ।

भवभयभञ्जन-कारण-करुणं

तं प्रणमामि च श्रीशचीतनयम् ।। 2 ।।

अतिशय प्रेमभाव से गद्गद हृदय से उठी कीर्त्तन की उच्च ध्वनि से दुर्जन भयभीत हो जाते हैं तथा जिनकी करुणा से संसार का भय दूर हो जाता है उन श्रीशचीनन्दन को मैं प्रणाम करता हूँ ।। 2 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अरुणाम्बरधर-चारुकपोलं

इन्दु-विनिन्दित-नखचय-रुचिरम् ।

जल्पित-निजगुणनाम-विनोदं

तं प्रणमामि च श्रीशचीतनयम् ।। 3 ।।

गेरुआ वस्त्रधारी, सुन्दर कपोलों वाले श्रीशचीनन्दन के नखों की मनोहर कांति चन्द्रमा को भी लज्जित करती है, तथा वे प्रभु के नाम और गुणों का आनंदपूर्वक कीर्त्तन करते हैं, उनको मैं प्रणाम करता हूँ ।। 3 ।।

विगलित-नयन-कमल-जलधारं

भूषण-नवरस-भावविकारम् ।

गति-अतिमन्थर-नृत्यविलासं

तं प्रणमामि च श्रीशचीतनयम् ।। 4 ।।

जिनके नयन कमलों से विरहाश्रुओं की धारा प्रवाहित है, जो भक्ति के समस्त भावों से भूषित हैं तथा जो अति मन्थर गति से नृत्य करते हैं उन श्रीशचीतनय को मैं प्रणाम करता हूँ ।। 4 ।।

चञ्चल-चारु-चरण-गति-रुचिरं

मञ्जीर-रञ्जित-पदयुग-मधुरम् ।

चन्द्र विनिन्दित-शीतलवदनं

तं प्रणमामि च श्रीशचीतनयम् ।। 5 ।।

कीर्त्तन में जिनके चरण चंचल गति से नृत्य करते हैं तथा उनके दोनों पैरों में मनोहारी नूपुर शोभायमान हैं, चन्द्रमा से भी अधिक शीतल मुखारविंद वाले श्रीशचीनन्दन को मैं प्रणाम करता हूँ ।। 5 ।।

धृत-कटि-डोर-कमण्डलु-दण्डं

दिव्य-कलेवर-मुण्डित-मुण्डम् ।

दुर्जन-कल्मष-खण्डन-दण्डं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तं प्रणमामि च श्रीशचींतनयम् ।। 6 ।।

कमर में डोर, हाथ में दण्ड एवं कमण्डल, मुड़ा हुआ सिर, दिव्य शरीर वाले श्रीशचीनन्दन ने दुर्जनों के पापों को दूर करने हेतु ही दण्ड धारण किया है, उनको मैं प्रणाम करता हूँ ।। 6 ।।

भूषण-भूरज-अलका-वलितं

कम्पित-बिम्बाधरवर-रुचिरम् ।

मलयज-विरचित-उज्ज्वल-तिलकं

तं प्रणमामि च श्रीशचीतनयम् ।। 7 ।।

धूल-धूसरित अलकावलियों, मधुर मनोहर लाल अधरों तथा उज्ज्वल चंदन तिलक से विभूषित श्रीशचीनंदन को मैं प्रणाम करता हूँ ।। 7 ।।

निन्दित अरुण-कमल-दल-नयनं

आजानुलम्बित-श्रीभुज-युगलम् ।

कलेवर-कैशोर-नर्तक-वेशं

तं प्रणमामि च श्रीशचीतनयम् ।। 8 ।।

कल कमल-पत्रों से सुन्दर नेत्र तथा सुदीर्घ सुन्दर भुजाओं वाले किशोर वपु एवं नर्त्तक वेषधारी श्रीशचीनन्दन को मैं प्रणाम करता हूँ ।। 8 ।।

+++++

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीनवद्वीपचन्द्रस्तवराज

कनक-रुचिर-गौरः सर्व-चित्तैक-चौरः
प्रकृति-मधुर-देहः पूर्ण-लावण्य-गेहः ।
कलित-ललित-रूपः क्षुब्ध-कन्दर्प-भूपः
स्फरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 1 ।।

आप मनोहर स्वर्णमय गौरवर्ण सब प्राणियों के चित्त को चुराते हैं, आपके नैसर्गिक माधुर्यमय देह में लावण्य की परिपूर्णता है. आपकी अपरूप सुन्दरता से कामदेव भी व्याकुल है. हे नवद्वीपचन्द्र !कृपया मेरे हृदय में प्रकट होइये ।। 1 ।।

बहुल-चिकुर-बन्धः स्निग्ध-मुग्ध-प्रबन्धः
प्रसर-पुर-पुरन्ध्री-चित्र-सन्धान-मंत्री ।
विहित-विविध-वेश-द्योतिताशेष-देशः
स्फरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 2 ।।

अपने चिकने घुँघराले घने केशों के जूड़े से मुग्ध होने वाली नगर की सुंदरियां आपको प्राप्त करने की मंत्रणा करती रहती हैं. आपके विविध प्रकार की वेशभूषा से शोभा का अनंत विस्तार हो रहा है. हे नटराज नवद्वीप चन्द्र ! मेरे हृदय में प्रकाशित होइये ।। 2 ।।

विकसित-शतपत्र-द्योति-विस्फारनेत्रः
प्रिय-मृदुल-पवित्र-स्निग्धदृक्-प्रेमपात्रः ।
अति-मधुर-चरित्रः प्रोल्लसच्चारु-गात्रः
स्फरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 3 ।।

प्रफुल्लित कांतिमान विस्तृत नेत्रों से आप प्रेमी भक्तों पर प्रेममयी मधुर स्नेहपूर्ण द्रष्टिपात करते हैं. आपका देह उल्लास से गतिमान है तथा आपकी चरित्र माधुरी अनुपम है ।। 3 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मलयज-करवीरश्चिद्विलासाति-धीरः
सुविमल-स्मितवक्त्रः प्रान्तवस्त्रानुरक्तः ।
रभसमय-विहारः पूर्णलीलावतारः
स्फरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ॥ 4 ॥

चन्दन युक्त, अति गंभीर किन्तु चैतन्य मुखारविंद पर निश्छल मृदु बोलन वस्त्र की लाल किनारी की भांति सुशोभित है. पूर्णलीलावतार श्रीनवद्वीपचन्द्र सदैव प्रेमरस में विहार करते हैं. ऐसे नटराज हमारे हृदय में उदय हों ॥ 4 ॥

सकल-रस-विदग्धः सर्वभार-प्रशुद्धः
सकल-सुख-विनोदः ख्यात-नृत्य-प्रमोदः ।
सकल-सुखद-नामा धन्य-तारुण्य-धामा
स्फरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ॥ 5 ॥

समस्त रसों में निपुण समस्त भावों में दक्ष, समस्त सुखों के आस्वादक तथा नृत्य में विख्यात श्रीनवद्वीपचन्द्र सकल सुखों को प्रदान करने में अपनी किशोरावस्था को धन्य कर रहे हैं ऐसे नटराज हमारे हृदय में प्रकाशित हों ॥ 5 ॥

अविरत-गलदस्त्रः प्रेमधारा-सहस्त्र-
स्नपित-सकल-देशः ख्यात- नामोपदेशः ।
भुवन-विदित-सर्व-प्राणि-निस्तार-गर्वः
स्फरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ॥ 6 ॥

अविरल प्रेमाश्रुओं की असंख्य धाराओं से जिनका समस्त शरीर अभिषिक्त है तथा भगवन्नाम के उपदेशक के रूप में विख्यात श्रीनवद्वीपचन्द्र समस्त प्राणियों के उद्धारक के रूप में सब लोग जिन्हें जानते हैं. ऐसे नटराज हमारे हृदय में प्रकट हों ॥ 6 ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

घन-पुलक-कदम्बः स्थूल-मुक्ता-समाम्भः

स्नपिततर-हृदोरः प्रेम-हुङ्कार-घोरः ।

सदय-मधुर-मूर्तिर्विश्व-विख्यात-कीर्तिः

स्फुरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 7 ।।

कदम्ब पुष्प के समान जिनकी रोमावली पुलकित हैं. बड़े-बड़े मोतियों के समान श्वेद बिंदु और हृदय प्रेमाश्रुओं से भीगा है एवं जो प्रेम हुंकार भरते हैं ऐसे सदय माधुर्य मूर्त्ति श्रीनवद्वीपचन्द्र की कीर्त्ति सम्पूर्ण जगत में व्याप्त है. ऐसे नटराज हमारे हृदय में प्रकाशित हों ।। 7 ।।

अखिल-भुवन-भर्ता दुर्गति-त्राण-कर्ता

कलि-कलुष-निहन्ता दीन दुःखैक-शान्ता ।

निरवधि-निजगाथा-कीर्तनानन्द-दाता

स्फुरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 8 ।।

समस्त लोकों के पालक कष्टों के निवारक कलियुग के पापों को समाप्त करने वाले दीनजनों के दुखों को शांत करने वाले श्रीनवद्वीपचन्द्र सदैव भगवत लीला के कीर्त्तन से आनंद प्रदान करते हैं. ऐसे नटराज चैतन्य मेरे हृदय में प्रकट हों ।। 8 ।।

सुर-मुनिगण-बन्धुः प्रेमभक्त्येक-सिन्धुः

प्रकट-सुरभि-नन्द-श्रीलपादारविन्दः

नटन-मधुर-मन्दः सुप्रगाढ-प्रबन्धः

स्फुरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 9 ।।

मुनियों तथा देवताओं के मित्र, प्रेमाभक्ति के सागर जिनके चरणकमलों से आनंदरूपी सुगंध प्रकट हो रही हो. ऐसे नवद्वीपचन्द्र मधुर मन्द नर्त्तन खवं गम्भीर गायन में निमग्न हैं वे नटराज मेरे हृदय में प्रकट हों ।। 9 ।।

सकल-निगम-सारः प्रेम-पूर्णावतारः

प्रचुर-गुण-गभीरः सर्व-सन्धान-धीरः ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अधम-पतित-बन्धुः पूर्ण-कारुण्य-सिन्धुः

स्फुरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 10 ।।

समस्त वेदों से प्रतिपादित पूर्ण प्रेमावतार, समस्त दैवीय गुणों की जिनमें प्रचुरता है एवं जो समस्त तत्त्वों के अन्वेषण में दत्तचित्त हैं. नीच एवं पापीजनों के जो मित्र हैं एवं पूर्ण करुणा के सागर नटराज श्रीनवद्वीपचन्द्र मेरे हृदय में प्रकट हों ।। 10 ।।

मधुरमणि मनोज्ञस्ताण्डवाद्यन्त-विज्ञ-

स्तरुणिमणि विचित्रः प्रेम-निस्तार-पात्रः ।

महिमनि निजनाम-ग्राहि-सम्पूर्ण-कामः

स्फरतु हृदि नटेन्द्रः श्रीनवद्वीपचन्द्रः ।। 11 ।।

मधुरमणि श्रीकृष्ण में अनुरक्त ताण्डव आदि नृत्यों के ज्ञाता, तरुणिमणि राधा के विचित्र प्रेम का आस्वादन करने वाले महिमान्वित प्रभुनाम को गृहण कर समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाले श्रीनवद्वीपचन्द्र मेरे हृदय में प्रकट हों ।। 11 ।।

श्रीगौराङ्ग-नटेन्द्रस्य स्तुतिमेतामभीष्टदाम् ।

यः पठेत् परमप्रीतः स प्रेमसुखभाग् भवेत् ।। 12 ।।

नटराज श्री गौरांग महाप्रभु की यह स्तुति वांछित फल प्रदान करती है. जो इस स्तोत्र का परम प्रेम पूर्वक पाठ करता है वह प्रेममय सुख से परिपूरित होता है ।। 12 ।।

[श्री रघुनन्दन ठाकुर विरचित]

+++++

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीगौराङ्ग महाप्रभु की आरती

जय शचिनन्दन गौरहरि, जय माला धारी ।
जय नवद्वीप बिहारी, जय कलमष हारी ।।
बाल सखा संग सोहे, तिलक भाल राजे ।
झाँझ मृदङ्ग विराजे, मधुर मधुर बाजे ।।
प्रभु जय माला धारी ।।
गोल कपोल मनोहर, कमलनयन प्यारे ।
शोभा अकथ अलौकिक, वरणत कवि हारे ।।
प्रभु जय माला धारी ।।
केशों का सिर मुकुट विराजे, गुँथि फूलन माला ।
वशीकरण चितवन है, जगन्नाथ लाला ।।
प्रभु जय माला धारी ।।
मृदु मुसकान सुहाये, पीताम्बर शोभा ।
भुजा विशाल उठाये, दर्शक मन लोभा ।।
प्रभु जय माला धारी ।।
नित्यानन्द, गदाधर, सीतापति सोहे ।
हरेकृष्ण की ध्वनि से, त्रिभुवन मन मोहे ।।
प्रभु जय माला धारी ।।
गौरकिशोरकी आरति जो कोई नर गावें ।
मधुर रंग-रस भीजें, प्रेम रतन पावें ।।
प्रभु जय माला धारी ।।

+ + + + +

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

महाप्रभु ! तुम परम उदार ।
अद्‌भुत रीति तुम्हारी देखी, पतितन के तुम अति रिझवार ।।
ये ही आसा लागि रही प्रभु, और न कछू मेरौ आधार ।
'जगन्नाथ' प्रभु किरपा दीजै, प्रेम दान विस्तार ।।

+++++

अब तौ हरिनाम लौ लागी ।
सब जग को यह माखन चोरा, नाम धर्‌यो बैरागी ।।
कित छोड़ी वह मोहन मुरली, कित छोड़ी सब गोपी ।
मूंड़ मुड़ाय डोरि कटि बाँधी, माथे मोहन टोपी ।।
मात यशोमति माखन कारण, बाँधे जाके पाँव ।
श्याम किशोर भयो नव गोरा, चैतन्य जाको नाँव ।।
पीताम्बर को भाव दिखावै, कटि कोपीन कसै ।
गौर - कृष्ण की दासी 'मीरा', रसना कृष्ण बसै ।।

+++++

सुन्दर लाला शचीर - दुलाला, नाचत श्रीहरि कीर्त्तन में ।
भाले चन्दन तिलक मनोहर, अलका शोभे कपोलन में ।।
शिरे चूड़ा दरशावे, वन फूलमाला हिया पर दोले ।
पहिरण पीत पटाम्बर शोभे, नूपुर रुणझुनु चरणन में ।।
कोई गायत राधा-कृष्णनाम, कोई गायत है हरिगुण गान ।
मृदङ्ग ताल-मधुर रसाल, कोई गायत है रङ्गन में ।।
सुन्दर लाला शचीर-दुलाला, नाचत श्रीहरि कीर्त्तन में ।।

+++++

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जय माधव मदन मुरारी, राधेश्याम श्यामा श्याम ।
जय केशव कलिमल हारी, राधेश्याम श्यामा श्याम ।।
सुन्दर कुण्डल नयन विशाला, गले सोहे वैजन्ती माला ।।
या छवि की बलिहारी ।। राधेश्याम . . .
कबहूँ लूट लूट दधि खायो, कबहूँ मधुवन रास रचायो ।
नृत्यति विपिन विहारी ।। राधेश्याम . . .
ग्वाल बाल संग धेनु चराई, वन वन फिरत फिरे यदुराई ।
काँधे कामर कारी ।। राधेश्याम . . .
चुरा चुरा नवनीत जो खायो, व्रजवनितन पै नाम धरायो ।
माखन चोर मुरारी ।। राधेश्याम . . .
एक दिन मान इन्द्र को मार्‍यो, नख ऊपर गोवर्धन धार्‍यो ।
नाम पड़्यो गिरधारी ।। राधेश्याम . . .
दुर्योधन को भोग न खायो, रूखो साग विदुर घर खायो ।
ऐसे प्रेम पुजारी ।। राधेश्याम . . .
करुणा कर द्रोपदी पुकारी, पट में लिपट गये वनवारी ।
निरख रहे नर नारी ।। राधेश्याम . . .
भक्त, भक्त सब तुमने तारे, बिना भक्त हम ठाड़े द्वारे ।
लीजो खबर हमारी ।। राधेश्याम . . .
अर्जुन के रथ हाँकन हारे, गीता के उपदेश तुम्हारे ।
चक्र सुदर्शन धारी ।। राधेश्याम . . .

+++++

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भज गोपालं दीन दयालं वचन रसालं तापहरम् ।
सुन्दर वनमालं, नयन विशालं, रूप रसालं चित्तहरम् ॥
वारिज वदनं, लज्जित मदनं, आनन्द सदनं प्रेमधरम् ।
मोहन घनश्यामं, नयनाभिरामं, लावण्यधामं चन्दवरम् ॥
मोहनलीलं, करुणाशीलं, रसघन लीलं धामपरम् ।
वेणु प्रवीणं, नित्यनवीनं, प्रियजन दीनं देव परम् ॥

+++++

जय जय जगन्नाथ शचीरनन्दन, त्रिभुवन करे जार चरण वन्दन ॥
नीलाचले शंख-चक्र-गदा-पद्म धर, नदिया नगरे दण्डकमण्डलु कर ।
केह कहे पूरवेते रावण बधिला, गोलोकेर वैभव लीला प्रकाश करिला ॥
श्रीराधारभावे एवे गोरा अवतार, हरे कृष्ण नाम गौर करिला प्रचार ।
'वासुदेवघोष' वले करि जोड़ हाथ, जेई गौर, सेई कृष्ण, सेई जगन्नाथ ॥

श्रीकृष्णचैतन्य गौरा शचीर दुलाल ।
एई से पूरबे छिल गोकुलेर गोपाल ॥
केह वले जानकी-वल्लभ छिल राम ।
केह बले नन्दलाल नवघन श्याम ॥
पूरवे कालिया छिल गोपी प्रेमे मोरा ।
भाविया राधार वरण एवे हइल गोरा ॥
छल छल अरुण नयन अनुरागी ।

आम्नाय-ग्रन्थालय
भरतनिधि, कचौड़ी
वाराणसी-5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ना पाइया भावेर ओर हइल वैरागी ।।

संन्यासी वैरागी हैया भ्रमे देशे देशे ।

तभूना पाईल राधार प्रेमेर उद्देशे ।।

'गोविन्ददासिया' कय किशोरी किशोरा ।

स्वरूप रायेर सने सेइ रस मोरा ।।

\+ + + + +

श्रीगुरुदेवाष्टकम्

संसार - दावानल - लीढ - लोक

त्राणाय कारुण्य - घनाघनत्वम् ।

प्राप्तस्य कल्याण - गुणार्णवस्य

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 1 ।।

संसार के दावानल से सन्तप्त जनमानस को अपनी दया की वर्षा से रक्षा करने वाले सद्गुण सागर श्री गुरुदेव के शोभायमान चरणकमलों की हम वन्दना करते हैं ।। 1 ।।

महाप्रभोः कीर्त्तन - नृत्य - गीत-

वादित्र - माद्यन्मनसो रसेन ।

रोमाञ्च - कल्पाश्रु - तरङ्गभाजो

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 2 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

महाप्रभु श्रीकृष्णचैतन्यदेव के नाम सकीर्त्तन, नृत्य, एवं गायन-वादन से प्रेम रस के मानस समुद्र में उत्पन्न रोमांच, कम्पन, अश्रु आदि सात्विक विकारों का अनुभव करने वाले श्री गुरुदेव के चरणारविन्दों की हम वन्दना करते हैं ।। 2 ।।

श्रीविग्रहाराधन नित्य नाना

श्रृङ्गार - तन्मन्दिर मार्जनादौ ।

युक्तस्य भक्ताञ्च नियुञ्जतोऽपि

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 3 ।।

इष्टदेव राधाकृष्ण के श्रीविग्रह का आराधनं, नित्यप्रति विविध प्रकार से श्रृंगार, एवं उनके मन्दिर का मार्जन आदि सेवक भाव से स्वयं करते हुए अधिकारी भक्तों को इस सेवा में दत्तचित्त करने वाले श्री गुरुदेव के चरणारविन्दों की हम वन्दना करते हैं ।। 3 ।।

चतुर्विध - श्रीभगवत् - प्रसाद-

स्वाद्वन्न - तृप्तान् हरिभक्ति-सङ्घान् ।

कृत्वैव तृप्ति भजतः सदैव

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 4 ।।

श्रीकृष्णभक्तों को चारों प्रकार के श्रीभगवत्प्रसादमय सुस्वाद अन्न के द्वारा सदैव तृप्त करके तथा स्वयं भी तृप्त होने वाले श्री गुरुदेव के शोभायमान चरणारविन्द की हम वन्दना करते हैं ।। 4 ।।

श्रीराधिकामाधवयोरपार

माधुर्य लीला गुण-रूप-नाम्नाम् ।

प्रतिक्षणा - स्वादन - लोलुपस्य

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 5 ।।

अपने परमाराध्य श्रीराधामाधव की अनन्त माधुर्यमयी लीलाओं, गुणों, रूप एवं नामों का प्रतिपल आस्वादनकरने को लालायित श्री गुरुदेव के चरणकमलों की हम वन्दना करते हैं ।। 5 ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निकुञ्ज-यूनो रति-केलि-सिद्ध्यै

या यालिभिर्युक्तिरपेक्षणीया ।

तत्राति - दाक्ष्यादति - वल्लभस्य

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 6 ।।

निकुञ्जविहारी युगलकिशोर की रतिक्रीड़ा की सिद्धि ललितादिक सखियों की युक्तियों को अत्यन्त चतुरता से अपनाकर अपने आराध्य को आप सन्तुष्ट करते हैं. ऐसे श्री गुरुदेव के चरणारविन्द की हम वन्दना करते हैं ।। 6 ।।

साक्षाद्धरित्वेन समस्त - शास्त्रै-

रुक्तस्तथा भाव्यत एव सद्भिः ।

किन्तु प्रभोर्यः प्रिय एव तस्य

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 7 ।।

सन्त जन श्री गुरुदेव को शास्त्र की मर्यादा के अनुरूप साक्षात् श्रीहरि के स्वरूप में ही अनुभव करते हैं. तथापि भगवान के अत्यन्त प्रिय उन श्री गुरुदेव के श्रीचरणारविन्दों की हम वन्दना करते हैं ।। 7 ।।

यस्य प्रसादाद् भगवत्प्रसादो

यस्याप्रसादान्न गतिः कुतोऽपि ।

ध्यायंस्तुवंस्तस्य यशस्त्रिसन्ध्यं

वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम् ।। 8 ।।

जिनकी प्रसन्नता से भगवान प्रस्न्न होते हैं और जिनके अप्रसन्न होने से कहीं भी कोई गति नही है. त्रिकाल संध्या में उनके यश का ध्यान वं स्तुति करते हुए हम उन श्रीगुरूदेव के चरणारविंदों की वन्दना करते हैं ।।8।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीमद् गुरोरष्टकमेतदुच्चै-
ब्राह्मे- मुहूर्ते पठति प्रयत्नात् ।
यस्तेन वृन्दावन-नाथ-साक्षात्-
सेवैव लभ्या जनुषोन्त एव ।। 9 ।।

जो व्यक्ति ब्रह्ममुहूर्त्त में उच्च स्वर से भक्तिपूर्वक इस श्रीगुरुदेवाष्टक का पाठ करता है वह देहावसान के बाद श्रीवृन्दावनेश्वर की नित्यलीला में प्रविष्ट हो जाता है ।। 9 ।।

श्रीगुरु वन्दना

आश्रय करिया बंदो श्री-गुरु चरन ।
जाहा हैंते मिले भाई कृष्ण प्रेमधन ।।
जीवेर निस्तार लागि नन्द सुत हरि ।
भुवने प्रकाश हन गुरु रूप धरि ।।
महिमाय गुरु कृष्ण एक करि ज्ञान ।
गुरु आज्ञा हृदे सब सत्य करि मान ।।
सत्य ज्ञाने गुरु-वाक्ये जाहार विश्वास ।
अवश्य ताहार हय व्रजभूमि वास ।।
जार प्रति गुरुदेव हन परसन्न ।
कोन विघ्ने सेह नाहि हय अवसन्न ।।
कृष्ण रूष्ट हले गुरु राखिवारे पारे ।
गुरु रुष्ट हले कृष्ण राखिवारे नारे ।।
गुरु माता गुरु पिता गुरु हन पति ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरु बिना ए संसारे नाहि आर गति ।।
गुरु के मनुष्य ज्ञान ना कर करवन ।
गुरु निन्दा कभू कर्णे ना कर श्रवन ।।
गुरु निन्दकेर मुख कभू ना हेरिवे ।
जाहां हय गुरु निन्दा तथा ना जाइवे ।।
गुरुर विक्रिया जदि देखह करवन ।
तथापि अवज्ञा नाहि कर कदाचन ।।
गुरु पाद पद्मे रहे जार निष्ठां भक्ति ।
जगत तारिते सेई धरे महाशक्ति ।।
हेन गुरु पाद पद्म करह वन्दना ।
जाहा हैते घूचे भाई सकल जन्त्रणा ।।
गुरु पाद पद्म नित्य जे करे वन्दन ।
शिरे धरि वन्दि आमि ताहार चरन ।।
श्री गुरु चरन पद्म हृदे करि आश ।
श्री गुरु वन्दना करे 'सनातन दास' ।।

+ + + + +

राम तजूं पै गुरु नं बिसारूँ, गुरु के सम हरि को नहिं जानूँ ।।
हरि ने जनम दियो जग माँही, गुरु ने आवागमन मिटाही ।
हरि ने कुटुव जाल में घेरी, गुरु ने काटी ममता बेरी ।।
हरि ने रोग भोग उरझायो, गुरु ज्ञानी करि सबै छुड़ायो ।
हरि ने म्हाँसू आप छिपायो, गुरु दीपक ले ताहि दिखाये ।।
हरि ने करम भरम भरमायो, गुरु ने आतम रूप लखवायो ।
फिर हरि बंध मुक्ति गति लाये, गुरु ने सबही भरम मिटाये ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरु चरनन पै सरबस वारूँ, गुरु न तजूँ पै हरि तजि डारूँ ॥

+++++

श्रीगौराङ्गमहाप्रभु-प्रणामः

आनन्दलीलामयविग्रहाय

हेमाभदिव्यच्छविसुन्दराय ।

तस्मैमहाप्रेमरसप्रदाय

चैतन्यचन्द्राय नमो नमस्ते ॥ 1 ॥

दिव्यस्वर्णकान्ति युक्त जिनकी सुन्दर छवि है तथा लीलामय आनन्दविग्रह महाप्रेम रसदाता श्रीचैतन्यचन्द्र को बारंवार प्रणाम है ॥ 1 ॥

नमस्त्रिकालसत्याय जगन्नाथसुताय च ।

सभृत्याय सपुत्राय सकलत्राय ते नमः ॥ 2 ॥

भूत-भविष्य और वर्तमान में नित्य सत्य जीवों के उद्धारक जगन्नाथसुत श्रीचैतन्य आपको मैं पार्षदों एवं भक्तों सहित पुनः-पुनः प्रणाम करता हूँ ॥ 2 ॥

+++++

भज बालकृष्ण नन्दलाल, गोविन्द गिरधारी ।

भज श्यामसुन्दर घनश्याम मोहन वनवारी ॥

हरि मथुरा लियो अवतार, गोविन्द गिरधारी ।

थारी महिमा अपरम्पार, गोविन्द गिरधारी ॥

मथुरा में हरि जन्म लियो है, गोकुल में पगधार ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बालपनें हरि मटिया खाई, मात यशोदा पूछन आई ।
मुख में तीन लोक दर्शाय ।। गोविन्द . . .
गोपियन के घर माखन खायो, ठमुक ठमुक नन्दलाल ।।
हरि नाच नाच नाच नन्दलाल ।
ग्वाल बाल संग धेनु चरावै, बंशी बजावै नन्दलाल ।।
वृन्दावन में रास रच्यौ है, सहस्त्र गोपी एक लाल ।
भक्त विदुर घर छिलके खाये, हँस हँस के नन्दलाल ।।
ब्रज पर इन्द्र कोप कियो है, बर्षत मूसलधार ।
बर्ष -२ कर हार गयी है, नख पर गिरवरधार ।।
काली दह में कूद गयो है, नाग लियो है नाथ गो ।
मेरी नैया पड़ मझधार ।।

+ + + + +

श्री श्रीराधारमण जी की सन्ध्या आरती

श्रीराधारमण लाल जै जै, जय श्री भट्ट गोपाल ।
मोर मुकुट पीताम्बर सोहै, उर बैजन्ती माल,
शोभा उर बैजन्ती माल, प्राणधन श्री राधारमण . . .
कानन में मकराकृत कुण्डल, बैणी झलके भाल,
शोभा बैंणी झलके भाल, प्राणधन श्रीराधारमण . . .
घूँघर वाली अलकें झलकें, बाँके नैन विशाल,
शोभा मोहीं बृज की बाल, प्राणधन श्रीराधारमण . . .
कटि किंकणि पग नूपुर बाजै, मुरली अधर रसाल,
बाजे बन्शी अधर रसाल, प्राणधन श्रीराधारमण . . .
श्रीवृन्दावन की कुञ्जगलिन में चालत चाल मराल,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शोभा चालत चाल मराल, प्राणधन, श्रीराधारमण . . .
संग संग श्रीगोपालभट्टजू झलकत प्रेम रसाल,
बलिजाऊँ झलकत प्रेमरसाल, प्राणधन श्रीराधारमण . . .
श्रीगोपीनाथ प्रभू की छवि निरखत भक्तन के प्रतिपाल,
शोभा दासन के प्रतिपाल, प्राणधन श्रीराधारमण . . .
प्यारो श्रीराधारमणलाल जय जय जय श्रीभट्टगोपाल,
जय श्रीवृन्दावन रसिक रसाल ।
हरे हरे श्रीवृन्दावन रसिक रसाल, प्राणधन श्रीराधारमण . . .
श्रीचैतन्यजीव उरमाल, श्रीरूप सनातन प्रेम रसाल,
हरे हरे भक्त सनातन प्रेमरसाल, प्राणधन, श्रीराधारमण . . .
इनकी पदरज धारूँ भाल, श्रीगोपीनाथ प्रभु करत निहाल,
श्रीराधारमण प्यारो करत निहाल, प्राणधन, श्रीराधारमण . . .

।। श्रीराधारमणलाल जी की जय ।।

+ + + + +

आरती कुंजविहारी की

आरती कुंजविहारी की ।
श्रीगिरधर कृष्ण मुरारी की ।।
गले में बैजंती माला, बजावें मुरलि मधुर बाला,
श्रवन में कुंडल झलकाला, नंद के आनंद नंदलाला,
श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की ।
गगन सम अंग कांति काली, राधिका चमक रही आली,
लतन में ठाड़े वनमाली,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भ्रमर सी अलक, कस्तूरी तिलक, चन्द्र सी झलक,

ललित छवि श्यामा प्यारी की, श्रीगिरधर कृष्ण मुरारी की ।

कनकमय मोर-मुकुट बिलसे, देवता दरसन को तरसे,

गगन सों सुमन रासि बरसे,

बजे मुहचंग, मधुर मिरदंग, ग्वालनी संग,

अतुल गति गोपकुमारी की, श्रीगिरधर कृष्ण मुरारी की ।

जहाँ ते प्रकट भई गंगा, कलुष कलि हारिणी श्रीगंगा,

स्मरन ते होत मोह-भंगा,

बसी शिव सीस, जटा के बीच, हरे अघ कीच,

चरनछबि श्रीबनवारी की, श्रीगिरधर कृष्ण मुरारी की ।

चमकती उज्ज्वल तट रेनू, बज रही वृन्दावन बेनू,

चहुँ दिसि गोपि ग्वाल धेनू,

हँसत मृग मंद, चांदनी चंद, कटत भव फंद,

टेर सुन दीन भिखारी की, श्रीगिरधर कृष्ण मुरारी की ।

आरती कुंजविहारी की ।

श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की ॥

श्रीतुलसी-आरती

नमो नमो तुलसी महारानी,वृन्दे महारानी ॥

नमो नमो.....

नमो रे नमो मैया नमो नारायणी ॥

नमो नमो.....

जाकौ दरष परस अघ नासइ,महिमा वेद पुराण बरवानी ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाकौ पत्र मञ्जरी कोमल,श्रीपति चरण कमल लपटानी ।।
(राधापति चरण कमल लपटानी)
नमो नमो .....

धन्य तुलसी पूरन तप कीने, (श्री) शालिग्राम की महापटरानी ।
नमो नमो .....

धूप दीप नैवेद्य आरती, फूलन की बरखा बरखानी ।।
छप्पन भोग छत्तीसों व्यञ्जन, बिन तुलसी प्रभु एक ना मानी ।
नमो नमो . . . . .
शिव सनकादिक अरु ब्रह्मादिक, ढूँढ़त फिरत महामुनि ज्ञानी ।।
'चन्द्रसखी' मैया तेरौ यश गावै, भकति दान दीजै महारानी ।।
नमो नमो . . . . .

\+ + + + +

नमो नमो तुलसी कृष्ण प्रेयसी ।
राधाकृष्ण सेवा पावौ एइ अभिलाषि ।। (नमो नमो)
जे तोमार शरण लय तार वाञ्छा पूर्ण हय ।
कृपा करि करौ तारे वृन्दावन वासी ।। (नमो नमो)
एइ निवेदन धर सखीर अनुगा कर ।
सेवा अधिकार दिये कर निज दासी ।। (नमो नमो)
मोर मने एइ अभिलाष विलास कुञ्जे दीवे वास ।
नयने हेरवो सदा युगल रूप रासि ।। (नमो नमो)
'दीन कृष्णदासे' कय एइ जेन मो र हय ।
श्रीराधागोविन्द प्रेमे सदा अभिलाषि ।। (नमो नमो)

\+ + + + +

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीमद्भागवत की आरती

आरती अतिपावन पुरान की ।
धर्म - भक्ति - विज्ञान - खान की ।। आरती . .

महापुरान भागवत निरमल ।
शुक-मुख-विगलित निगम कल्प फल ।
परमानन्द - सुधा - रसमय कल ।

कलि मल मथन त्रिताप - निवारिनि ।
जन्म-मृत्युमय भव - भय - हारिनि ।
सेवत सतत सकल सुखकारिनि ।
सुमहौषधि हरि- चरित - गान की ।। आरती . . .

विषय - विलास-विमोह-विनाशिनि ।
विमल विराग विवेक विकासिनि ।
भगवत तत्त्व - रहस्य प्रकाशिनि ।
परम ज्योति परमात्म - ज्ञान की ।। आरती . . .

परमहंस - मुनि - मन उल्लासिनि ।
रसिक - हृदय रस - रास विलासिनि ।
भक्ति, मुक्ति, रति प्रेम सुदासिनि ।।
कथा अकिञ्चनप्रिय सुजान की ।। आरती . . .

+ + + + +

आम्नाय-ग्रन्थालय, भरतनिधि, रांची, वाराणसी-5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi